हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
3 अप्रैल 2026, बरेली

हैकाथॉन 4.0 आरंभ के दौरान एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया संबोधित

'डिग्री से ज्यादा स्किल जरूरी'

बरेली, संवाददाता। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 गुरुवार को आरंभ हुआ। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा आज डिग्री से ज्यादा स्किल जरूरी है।

देव मूर्ति ने एक लाख की इनामी राशि वाले हैकाथॉन 4.0 में पहले स्थान पर रहने वाली टीम के लिए इनामी राशि बढ़ाने की घोषणा की। प्रथम स्थान वाली टीम को 31 के बजाय इस बार 41 हजार मिलेगा। अगले वर्ष से प्रतियोगिता की राशि एक लाख बढ़ाई जाएगी। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) के प्रिंसिपल, प्रेसिडेंट आईआईसी एवं हैकाथॉन 4.0 के इवेंट डायरेक्टर डा.प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि

एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 4.0 आरंभ पर संबोधित करते देवमूर्ति।

कालेज के टेक एज सेल द्वारा हैकाथॉन 4.0 में तमिलनाडु, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, यूपी-उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर के कोयंबटूर, इरोड, हैदराबाद, जबलपुर, हरिद्वार, हल्द्वानी, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, मुरादाबाद और बरेलीमें संचालित इंजीनियरिंग कॉलेजों की 60 टीमें शामिल हो रही हैं। हैकाथॉन 4.0 के अंतिम दिन शनिवार को शिक्षाविदों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष पेश किया जाएगा। निर्णायक मंडल इनमें से विजेता चुनेगा। एसआरएमएस ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस सीईटीआर के डीन डा. शैलेश, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ.एमएस बुटोला, पैरामेडिकल कालेज की प्रिंसिपल डा.जसप्रीत कौर रहीं।

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट छठवें सीजन का शुभारंभ शुक्रवार से होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी सीताराम सक्सेना और सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली की उपस्थिति में मुख्य अतिथि महापौर डा .उमेश गौतम शुक्रवार दोपहर एक बजे इसका उद्घाटन करेंगे। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट में मेरठ, अमरोहा, बुलंदशहर, प्रयागराज, पीलीभीत, दिल्ली और बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की 12 टीमें एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंच रही हैं।